प्रपत्र–20

**परियोजना का नाम**– मा0 मुख्यमंत्री घोषणा सं0 310/2013 के अर्न्तगत जनपद नैनीताल में विधानसभा क्षेत्र लालकुऑ के अर्न्तगत हल्द्वानी बाईपास मार्ग से हल्दुचौड़ इण्यिन ऑयल डिपो तक मार्ग का निर्माण कार्य।

## मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड का अनापत्ति प्रमाण–पत्र।

प्रमाणित किया जाता है कि तराई पूर्वी, वन प्रभाग, हल्द्वानी के गौला राजि के अर्न्तगत लालकुऑ एंव गौला रोखड़ वन ब्लौक में निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी द्वारा प्रस्तावित आरक्षित वन शिवालिक एलीफेन्ट रिर्जव के अर्न्तगत घोषित है। उक्त प्रस्तावित वन भूमि ग्रामों एंव आबादी से लगी/आच्छादित होने, प्रस्तावित भूमि के दक्षिण में इण्डियन ऑयल डिपो तथा आई0टी0बी0पी0 स्थित होने तथा पश्चिम में नेशनल हाई–वे स्थित होने के कारण वाहनों का भारी मात्रा में आवागमन होता रहता है, जिस कारण प्रस्तावित वन भूमि में वन्य जीवों का आवागमन नहीं होता है। चूँकि प्रस्तावित मार्ग पूर्व से ही कच्चे रूप में बना हुआ है जो कि स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा आवागमन हेतु प्रयोग में लाया जाता है तथा क्षेत्र ग्रामों/आबादी से घिरा होने के कारण अतिक्रमण की दृष्टि से भी संवेदनशील है। प्रस्तावित वन भूमि के दक्षिण में स्थित इण्डियन ऑयल डिपो तथा आई0टी0बी0पी0 को भी पूर्व में वन भूमि हस्तान्तरित की जा चुकी है। अतः उक्त मार्ग के निर्माण के वन्य जीवों पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना प्रतीत नहीं ~~होगी~~ है।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर वन भूमि हस्तान्तरण की संस्तुति की जाती है।

प्रभागीय वनाधिकारी
तराई पूर्वी वन प्रभाग
हल्द्वानी

उप प्रभागीय वनाधिकारी
(गौला)
तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी.

वन क्षेत्राधिकारी
गौला वन क्षेत्र
तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी

प्रतिहस्ताक्षरित

मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक
उत्तराखण्ड देहरादून